<u>समाचार</u>

<u>श्री रामलला दर्शन योजना</u>

कोरबा से 35 तीर्थ यात्रियों का दल श्री रामलला दर्शन हेतु हुआ रवाना

कोरबा 02 दिसम्बर 2024 – कोरबा से 35 तीर्थ यात्रियों का दल श्री रामलला जी के दर्शन हेतु आज अयोध्याधाम के लिए रवाना हुआ। नगर पालिक निगम कोरबा के नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, एम.आई.सी.सदस्य पालूराम साहू, प्रदीप राय जायसवाल, पार्षद अजय गोंड़ आदि जनप्रतिनिधियों ने हरी झण्डी दिखाकर तीर्थ यात्रियों के दल को रवाना किया। इस मौके पर पूर्व एल्डरमेन अनिल मिश्रा व मंजू सिंह, श्री रामलला दर्शन समिति के सदस्य प्रकाश अग्रवाल, निगम के उपायुक्त पवन वर्मा, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, अरविंद सिंह, विकास टंडन, दानेश्वर वैष्णव आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ सरकार की महती योजना श्री रामलला दर्शन योजना के तहत प्रदेश के नागरिकों को अयोध्याधाम ले जाकर भगवान श्री रामलला जी के दर्शन प्रतिमाह कराए जा रहे हैं, जिसका सम्पूर्ण व्यय शासन के द्वारा वहन किया जाता है। इसी कड़ी में इस माह भी कोरबा से 35 तीर्थ यात्रियों का दल श्री रामलला दर्शन हेतु अयोध्याधाम की यात्रा के लिए रवाना हुआ है। यह दल बस के माध्यम से बिलासपुर के उस्लापुर रेलवे स्टेशन पहुंचा, वहॉ से विशेष ट्रेन के द्वारा अयोध्याधाम पहुंच कर श्री रामलला जी के दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त करेगा। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में आज प्रातः 08 बजे निगम के जनप्रतिनिधियों ने हरी झण्डी दिखा कर तीर्थ यात्रियों की बस को रवाना किया, उन्होने तीर्थ यात्रियों का पुष्पाहार से स्वागत किया एवं

उन्हें अपनी हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर तीर्थ यात्रियों ने श्री रामलला दर्शन योजना की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए सरकार के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।